>

Title: Need to convert railway line between Nathdwara to Marawar in Rajasthan into broad-gauge.

श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) : मेरे लोक सभा क्षेत्र राजसमंद के अंतर्गत आने वाला रेलवे रूट जो धार्मिक स्थल नाथद्वारा से मारवाड़ जंक्शन तक फैला हुआ है, इसके आस-पास के सभी रेलवे रूट ब्रॉडगेज में परिवर्तित हो गए हैं, लेकिन उक्त रेलवे रूट अभी तक ब्रॉडगेज में परिवर्तित नहीं हुई है। सामरिक महत्व तथा क्षेत्रीय विकास के मद्देनजर यह रेलवे रूट ब्रॉडगेज नहीं होने की वजह से लगातार विकास से वंचित हो रहा है। मेवाड़ के इस क्षेत्र के निवासी देश के विभिन्न प्रांतों में आजीविका हेतु रहते हैं जिनका आना-जाना लगातार बना रहता है। ब्रॉडगेज नहीं होने के कारण उनको लगातार कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसी रेलवे रूट पर कई महत्वपूर्ण औद्योगिक संस्थानों के अलावा कांकरोली का प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर भी है जहां वर्षपर्यंत देश-विदेश के लोगों का आवागमन रहता है। इनमें सर्वोपरि महत्वपूर्ण मुद्दा ब्रॉडगेज नहीं होने के कारण आपातकालीन स्थिति में सेनाओं के सीमा पर पहुंचने में बहुत कठिनाई होती है।

अतः मेरा निवेदन है कि उपरोक्त समस्याओं के मद्देनजर उक्त रेलवे रूट को ब्रॉडगेज करने की कृपा करें।